nt>

Title: Naming of the airport located in Jodhpur parliamentary constituency.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदय, आजादी से पहले कई रियासतों के महाराजाओं ने बहुत अच्छे-अच्छे काम किये। उनमें मारवाड़ के महाराजा उम्मेद सिंह जी ने सिविल एवीएशन सेक्टर में अच्छे काम किये थे। उनके पास उस समय 9-10 हवाई जहाज थे। भारत सरकार के पास राज्य सरकार का एक प्रस्ताव लम्बित है कि जोधपुर एयरपोर्ट का नाम महाराजा उम्मेद सिंह एयरपोर्ट रखा जाए। राज्य सरकार ने अपनी सहमति इस विाय में केन्द्र को भेज दी है। मैं भारत सरकार से निवेदन करुंगा कि जोधपुर एयरपोर्ट का नाम महाराजा उम्मेद सिंह एयरपोर्ट रखा जाए।